**संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़**
ब्लॉक-1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002
फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स - 2221641, ईमेल - cgayush@gmail.com

---

क्रमांक STU-4702/3/2026/UG Admission नवा रायपुर,दिनांक 20-01-2026

-:: सूचना ::-

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड के पश्चात श्री महावीर प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय, नगपुरा, दुर्ग (छ.ग.) एवं रायगढ़ कॉलेज ऑफ नेचरोपैथी, कोतरापाली, रायगढ़ (छ.ग.) के बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की क्रमश 26 एवं 91 सीटें रिक्त हैं।

बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान में सम्मिलित रूप से 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय सहित) उत्तीर्ण, पात्र एवं इच्छुक **छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी तथा अन्य राज्य के अभ्यर्थी दिनांक 21.01.2026 से 22.01.2026 सायं 05:00 बजे तक** ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

ऑनलाईन पंजीयन करने के पूर्व **"छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2023" एवं सूचना पत्र (Information Bulletin)** का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो वेबसाईट https://cgayush.admissions.nic.in में उपलब्ध है।

वे अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन कर चुके हैं तथा जिन्हे कोई भी सीट आबंटित नहीं हुआ है, उन्हे स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड की काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु नवीन पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन काउंसिलिंग पोर्टल में लॉगिन कर विकल्प चयन करना अनिवार्य होगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे किसी भी चरण में कोई भी सीट आबंटित हुआ है, वे एक्सटेंडेड स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड हेतु अपात्र होंगे।

रिक्त सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही **श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जीई रोड, रायपुर में दिनांक 23.01.2026 (रिपोर्टिंग समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक)** को पंजीकृत अभ्यर्थियों से की जावेगी।

पंजीकृत अभ्यर्थी समस्त सुसंगत दस्तावेजों एवं संबंधित महाविद्यालय हेतु निर्धारित फीस के साथ दिनांक 23.01.2026 को उपस्थित होकर रिक्त सीट के विरूद्ध प्रवेश ले सकते हैं। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात उपस्थित होने पर अभ्यर्थी प्रवेश का अवसर खो देंगे।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट https://cgayush.admissions.nic.in का अवलोकन किया जा सकता है।

Digitally signed by
SANTAN DEVI JANGDE
Date: 20-01-2026
16:04:02

संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी,
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ